देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 08 फरवरी 2021। शिक्षा अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर तथा विद्या भारती, उच्च शिक्षण संस्थान, म.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में 9 फरवरी 2021 को शिक्षक शिक्षा का भविष्यात्मक परिप्रेक्ष्यः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन आय.एम.एस ऑडीटोरियम में प्रातः 10 बजे से किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में एस.एन.डी.टी युनिवर्सिटी, मुम्बई की माननीय कुलपति महोदया प्रो. शशिकला वंजारी को आमंत्रित किया गया है। इस संगोष्ठी में शिक्षक शिक्षा के पाठ्यचर्या अभिकल्प, शिक्षण शास्त्र, मूल्यांकन प्रविधियां तथा नवाचार आयामों पर चर्चा होगी। तकनीकी सत्रों में डॉ. मधुलिका वर्मा, डॉ. कामाक्षी अग्निहोत्री, डॉ. जसमीत कौर टंडन तथा डॉ. निरंजन श्रीवास्तव वक्ता होंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता माननीय कुलपति महोदया प्रो. रेणु जैन द्वारा की जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिलकुमार शर्मा, कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम आयोजन की समिति में डॉ. रमा मिश्रा, डॉ. सुनीता जोशी, डॉ. संगीता जैन, डॉ. सुधीरा चंदेल, श्री प्रकाशचंद्र, श्री के.एन. रघुनंदन, डॉ. कैलाशचंद्र शर्मा, डॉ. विश्वास व्यास, तथा डॉ. अभिलाष ठाकुर सम्मिलित है।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी